# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 10-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में सरस्वती इंटर कॉलेज थाना शोहरतगढ की बच्चियों को जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज 5.0अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, प्रवीण प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10/10/2025 को संतोष तिवारी प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक राज कुमार यादव, मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह, म0का0 उर्मिला देवी, कंचनलता सिंह द्वारा सरस्वती इंटर कॉलेज थाना शोहरतगढ में स्कूल तथा कॉलेज की बच्चियों को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई तथा वाहनों को चेक कर उन्हें हिदायद दिया गया हेलमेट तथा सीट बेल्ट का उपयोग करे वाहनों से काली फिल्म निकाली गई।**

**प्रेस नोट दिनांक 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 08 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे 01 मारपीट, 01 भूमि विवाद व 06 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 10-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग व ग्राम भरवलिया में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरुक किया गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, शुबेन्दू सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10/10/2025 को राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के निर्देशन में मिशन शक्ति पुलिस टीम उ0नि0 रणविजय सिंह, रामनाथ यादव, म0आ0 तृप्ति चौबे व शीला पटेल द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग किया गया तथा ग्राम भरवलिया में चौपाल लगाकर महिलाओं को संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई**

**प्रेस नोट दिनांक 10-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में फातिमा जहरा मदरसा ग्राम बैलगड़ी की बच्चियों/महिलाओं को जागरुक किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक*महोदय सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10/10/2025 को मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिडई के निर्देशन में ग्राम बैलगड़ी के फातिमा जहरा मदरसा में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उप निरीक्षक अयोध्या यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

3.हेड कांस्टेबल जितेंद्र गौतम थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

4.महिला कांस्टेबल शिप्रा सिंह थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

5.कांस्टेबल गुड्डू यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना खेसरहा पुलिस टीम द्वारा बलात्कार का 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा के नेतृत्व में आज दिनांक 10.10.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 173/2025 धारा 137(2), 65(1) BNS व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त को बुढ्ढा नाला, लक्ष्मीगंज से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**

**1.ओमप्रकाश उर्फ इन्द्रेश पुत्र राममिलन निवासी हंसवापुर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 मुन्नीलाल खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.का0 आदित्य यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन क्लीन" के अन्तर्गत थाना इटवा पर कुल 07 वाहनो की नीलामी कराकर कुल ₹ 87000/- GST के राजस्व की प्राप्ति।**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन क्लीन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व कुणाल उपजिलाधिकारी इटवा के द्वारा श्याम सुन्दर तिवारी प्रभारी निरीक्षक इटवा की उपस्थिति में आज दिनांक 10.10.2025 कुल 07 मोटरसाइकिल लावारिस/लादावा/माल मुकदमाती वाहनो की नीलामी थाना इटवा परिसर में विधि सम्मत तरीके से करायी गयी। जिससे कुल नीलामी की धनराशि कुल ₹ 87000/- GST का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।**

प्रेस नोट- दिनांक 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना मोहाना पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन पर व विश्वजीत सौरयान(IPS), क्षेत्राधिकारी सदर, सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 10.10.2025 को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान वारण्टी एवं वांछित के तहत वाद संख्या 34273/23 धारा 138 NI एक्ट थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित 01 नफर वारण्टी नियाज अहमद पुत्र इब्राहिम साकिन खलीलपुर टोला गोपालपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण-**

1. नियाज अहमद पुत्र इब्राहिम साकिन खलीलपुर टोला गोपालपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री खुशीलाल शर्मा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2. का0 मनोज यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना कठेला समयमाता पुलिस द्वारा से 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना कठेला समयमाता के नेतृत्व में आज दिनांक 10.10.2025 को 01 नफर वारण्टी दुर्गा प्रसाद पुत्र कन्हैयालाल ग्राम कठेला गर्वी टोला कठेला बाजार थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर को वाद संख्या-160/24 धारा 128 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया है।**

**गिरफ्तार वारंटी का विवरणः-**

**01.दुर्गा प्रसाद पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम कठेला गर्वी टोला कठेला बाजार थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

**01.उ0नि0 कपिलमुनि तिवारी थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.हे0का0 अश्वनी चौहान थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनाँकः- 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा थाना पूणे जिला पूणे रेलवे राज्य महाराष्ट्र से अपहृत पीडिता की बरामदगी कर बाल कल्याण समिति भेजा गया ।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन*पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति केन्द्र फेज 5.0 के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता के उपस्थिति में आज दिनांक 10.10.2025 को मिशन शक्ति केन्द्र के अन्तर्गत मिशन शक्ति केन्द्र के टीम द्वारा एम0आर0मेमोरियल पब्लिक स्कूल ग्राम मैनिहवां में प्रबन्धक, प्रधानाध्यापक, अध्यापकगण की मौजूदगी में मिशन शक्ति फेज 5.0 का उदघोष नारी सुरक्षा,नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत स्कूल की बालिकाओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन एवं गुड टच-बैड टच के बारे में बताया गया व ग्राम धोबहा मे जाकर चौपाल लगाकर महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक कर थाना आ रहे थे कि महाराष्ट्र पुलिस द्वारा अपहरण से सम्बन्धित पीड़िता का फोटो तथा एफआईआर मु0अ0सं0-424/2025 धारा 137(2) बीएनएस थाना पूणे जिला पूणे रेलवे राज्य महाराष्ट्र कि कापी भेजी गयी थी उसकी भी तलाश किया जा रहा था। अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता धोबहा रोड के पास से बरामद किया गया। अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता को मिशन शक्ति टीम मय महिला आरक्षी करिश्मा के मदद से पीडिता उपरोक्त को पुलिस कब्जे में लेकर आवश्यक विधिका कार्यवाही पूर्ण कर पीडिता/बालिका उपरोक्त को आवश्य कार्यवाही हेतु वनस्टाफ सेन्टर में नियमानुसार दाखिल किया गया ।जिसके सम्बन्ध मे महाराष्ट्र पुलिस को जरिए दुभाष सूचित किया गया ।**

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरणः-**

**01.थानाध्यक्ष अभय सिंह थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.उ0नि0 शिवशंकर शर्मा थाना कठेला समय माता सिद्धार्थनगर।**

**03.उ0नि0आनन्द कुमार थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**0 4.हे0का0 विनोद गौड़, थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.हे0का0कमलेश यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**06.म0का0 करिश्मा थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट- दिनांक 10/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति केंन्द्र द्वारा पति – पत्नी के बीच आपसी मतभेद को काउसलिंग कर सुलह समझौता कराया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण , व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा*क्षेत्राधिकारी महोदय डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10/10/2025 को थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना- पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के श्रीमती सोनिया तिवारी पत्नी राधामोहन निवासी रमवापुर थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धर्थनगर के व उनके पति के मध्य आपसी मतभेद को मिशन शक्ति केन्द्र 5.0 थाना पथरा बाजार की पुलिस टीम द्वारा काउसलिग कर समाप्त किया गया । जिसके तहत दोनो पति पत्नी स्वेच्छा से साथ मे रहने हेतु अपने परिजनो के समक्ष राजी हो गये ।**

**नाम पता आवेदिका*-**
**श्रीमती सोनिया तिवारी पत्नी राधा मोहन तिवारी निवासी रमवापुर थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धर्थनगर**

**काउसलिग टीम-**
**01-थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02-उ0नि0 श्री मलखा प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03-का0 सुदामा यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04-म0का0 बबिता भारती थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**05-म0का0 सोनी यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**06-म0 का0 ममता मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट- दिनांक  10/10/2025 जनपद  सिद्धार्थनगर

◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर के साथ वन स्टाप सेंटर व जिला कारागार सिद्धार्थनगर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर  द्वारा "महिला सशक्तिकरण , व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आज दिनांक 10.10.2025 को अपर सखी वन स्टाप सेंटर और जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उसमें निरुद्ध महिला बंदियों से वार्ता की गई तथा उनसे निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता के बारे में पूछा गया। साथ ही उनकी सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। तत्पश्चात सखी वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधीक्षक जिला कारागार, भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट- दिनांक 10.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2025 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत ड्यूटी मे लगे पुलिस बल को पुलिस लाइन परिसर मे ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 10.10.2020 को प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन परिसर में उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा0) परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 के दृष्टिगत ड्यूटी मे लगे पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधि0/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी की गई व शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**प्रेस नोट- दिनांक 09-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग व पैदल गश्त किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 09.10.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग व पैदल गश्त किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**